# जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय, बलिया
# Jananayak Chandrashekhar University, Ballia



पत्रांक–जे0एन0सी0यू0 / आर0कैम्प(सा0प्र0) / 5310 / 2021 दिनांकः 13 नवम्बर, 2021

सेवा में,

**प्राचार्य / प्राचार्या,**
**समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय,**
**जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय, बलिया।**

विषयः–उत्तर प्रदेश के युवाओं के तकनीकी सशक्तीकरण हेतु टेबलेट / स्मार्ट फोन वितरण योजना के क्रियान्वयन हेतु छात्र / छात्राओं का डाटा सत्यापन के सम्बन्ध में।

महोदय,

उच्च शिक्षा अनुभाग–1 उत्तर प्रदेश शासन के पत्र संख्याः–1786 / सत्तर–1–2021, दिनांकः 28 अक्टूबर, 2021 के साथ संलग्न उपर्युक्त विषयक औद्योगिक विकास अनुभाग–1, शासनादेश संख्याः 1600 / सत्तर–1–2021, दिनांकः 30 सितम्बर, 2021 के पत्र की छायाप्रति के अनुसार प्रदेश के युवाओं के तकनीकी सशक्तीकरण हेतु टेबलेट / स्मार्ट फोन वितरण योजना लागू किया जाना प्रस्तावित है। उक्त योजनान्तर्गत लाभार्थी चयन तथा टेबलेट / स्मार्ट फोन आपूर्ति वितरण एवं अनुश्रवण को सुचारू रूप से सुनिश्चित करने के लिए **विश्वविद्यालय द्वारा महाविद्यालय की लागइन आई0डी0 पर विद्यार्थियों का डाटा निर्धारित प्रारूप पर अपलोड किया गया है।**

तत्क्रम में सूच्य है कि विश्वविद्यालय द्वारा महाविद्यालयों की लागइन आई0डी0 पर प्रेषित डाटा को प्रत्येक दशा में **दिनांकः 16.11.2021 तक सत्यापन (Verificaton)** करते हुए सब्मिट (Submit) करना अनिवार्य है। आप द्वारा सत्यापित डाटा ही टेबलेट / स्मार्ट फोन लाभार्थी के रूप में शासन को प्रेषित किया जायेगा। उक्त निर्धारित तिथि तक डाटा सत्यापन करके सब्मिट न करने की स्थिति में सम्बन्धित महाविद्यालय के विद्यार्थियों का डाटा टेबलेट / स्मार्ट फोन लाभार्थी के रूप में शासन को प्रेषित नहीं किया जा सकेगा, जिसकी समस्त जिम्मेदारी महाविद्यालय प्रशासन की होगी।

**नोटः–डाटा महाविद्यालय द्वारा सत्यापन किया जायेगा। छात्र / छात्राओं को कोई पंजीकरण अथवा फार्म नही भरा जाना है।**

भवदीय,

(एस0एल0 पाल)
कुलसचिव

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. माननीय कुलपति जी।
2. प्रभारी वेब साइट को विश्वविद्यालय की वेबसाइट एवं महाविद्यालय के लागइन पर अपलोड किये जाने हेतु।

कुलसचिव


पताः–शहीद स्मारक, निकट सुरहा ताल, जिला–बलिया, उ0प्र0 पिन कोडः–277001
Address:- Saheed Smarak, Near Surha Taal, Dist-Ballia, U.P. Pin Code-277001
Website:-www.jncu.ac.in E-mail :- jncuballia@gmail.com


Scanned with CamScanner

संख्या–1786 /सत्तर–1–2021–

प्रेषक,

मनोज कुमार,
विशेष सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

कुलपति,
समस्त राज्य विश्वविद्यालय,
उत्तर प्रदेश।

**उच्च शिक्षा अनुभाग–1** **लखनऊ : दिनाँक 28 अक्टूबर, 2021**

विषय– प्रदेश के युवाओं के तकनीकी सशक्तिकरण हेतु टेबलेट/स्मार्ट फोन वितरण योजना को लागू किये जाने के सम्बन्ध में

महोदय,

उपरोक्त विषयक शासन के पत्र संख्या–1600/सत्तर–1–2021 व दिनांक 11.10.2021 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास अनुभाग–1 के पत्र दिनांक 30.09.2021 में की गयी अपेक्षा के कम में विश्वविद्यालय एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों में पजीकृत छात्रों का डाटाबेस निर्धारित प्रारूप पर निदेशक, उच्च शिक्षा, उत्तर प्रदेश, प्रयागराज का उपलब्ध कराने हेतु अनुरोध किया गया था।

2– योजना के कियान्वयन हेतु यह निर्णय लिया गया है कि राज्य विश्वविद्यालय के कुलपति विश्वविद्यालय एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों के पंजीकृत छात्रों की सूचना अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास विभाग द्वारा निर्धारित प्रारूप (संलग्न) पर जनपदवार तैयार कराते हुए सम्बन्धित जिलाधिकारियों को उपलब्ध करायेंगे। जिलाधिकारियों का दायित्व होगा कि छात्रों की सूचना का सत्यापन हेतु समुचित व्यवस्था बनाते हुए स्मार्टफोन्स/टैबलेट्स के वितरण की कार्यवाही नियमानुसार औद्योगिक विकास विभाग द्वारा निर्गत किये गये आदेशों के अनुरूप जनपद स्तर पर पारदर्शिता के साथ करेंगे। जिला प्रशासन स्मार्टफोन्स/टैबलेट्स के वितरण में पारदर्शिता तथा लाभार्थियों की प्रमाणिकता के लिये उत्तरदायी होगा, ताकि योजना के कियान्वयन में कोई अनियमितता न हो। प्रथम चरण में स्नातक द्वितीय एवं तृतीय वर्ष तथा परास्नातक द्वितीय वर्ष के छात्रों की सूचना जिलाधिकारी को उपलब्ध करायी जायेगी। प्रथम वर्ष में नव प्रवेशित छात्रों का पूरा डाटाबेस विश्वविद्यालय द्वारा तैयार कर लिये जाने पर कालांतर में उनकी सूचना उपलब्ध करायी जायेगी।

इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि कृपया उपरोक्तानुसार कार्यवाही सुनिश्चित की जाय।

संलग्नक–यथोक्त।

भवदीय

(मनोज कुमार)
विशेष सचिव।

F: SO-1 @ 2021-G.O

Scanned with CamScanner

**संख्या एव दिनांक तदैव।**

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

1- समस्त जिलाधिकारी।

2- निजी सचिव, मुख्य सचिव, उत्तर प्रदेश शासन।

3- निजी सचिव, अपर मुख्य सचिव, अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास विभाग, उ0प्र0 शासन।

4- निजी सचिव, अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव/सचिव, उच्च शिक्षा विभाग, उ0प्र0 शासन।

5- निदेशक, उच्च शिक्षा, उ0प्र0, प्रयागराज।

6- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

/

( ब्रह्मदेव )

संयुक्त सचिव।

F SO-1 @ 2021 G.O

Scanned with CamScanner

संख्या 1607 /सत्तर-1-2021

File No.77-1099/156/2021- -1- -Part(4) 5

I/102382/2021

अपर मुख्य सचिव कार्यालय
में प्राप्त दिनांक 30/09/21

प्रमुख सचिव

प्रेषक,

अरविन्द कुमार,
अपर मुख्य सचिव,
उ0प्र0 शासन।

संख्या: 7484 /VIP-PSHED/2020

30/9/21
(अवधनाथ पाण्डेय)
निजी सचिव,
अपर मुख्य सचिव,
उच्च शिक्षा विभाग
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

1- अपर मुख्य सचिव, उच्च शिक्षा विभाग, उ0प्र0 शासन।
2- अपर मुख्य सचिव, प्राविधिक शिक्षा विभाग, उ0प्र0 शासन।
3- अपर मुख्य सचिव, व्यावसायिक शिक्षा/कौशल विकास मिशन, उ0प्र0 शासन।
4- अपर मुख्य सचिव, चिकित्सा शिक्षा विभाग, उ0प्र0 शासन।
5- अपर मुख्य सचिव, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, उ0प्र0 शासन।
6- अपर मुख्य सचिव, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम तथा निर्यात प्रोत्साहन विभाग, उ0प्र0 शासन।
7- सचिव,उ0प्र0 स्टेट मेडिकल एण्ड एलाइड फैकल्टी, 5 सर्वपल्ली मार्ग, माल एवेन्यु, लखनऊ।

औद्योगिक विकास अनुभाग-1 लखनऊ: दिनांक: 30 सितम्बर, 2021

**विषय- प्रदेश के युवाओं के तकनीकी सशक्तिकरण हेतु टैबलेट/स्मार्ट फोन वितरण योजना के सम्बन्ध में।**

महोदय,

प्रदेश के युवाओं के तकनीकी सशक्तीकरण हेतु टेबलेट/स्मार्ट फोन वितरण योजना लागू किया जाना प्रस्तावित है। योजनान्तर्गत लाभार्थी चयन तथा टेबलेट/स्मार्ट फोन की आपूर्ति वितरण एवं अनुश्रवण की व्यवस्था सुचारू रूप से सुनिश्चित करने के लिए एक वेब पोर्टल बनाया जाना है। इस सम्बन्ध में संस्थाओं-राज्य विश्वविद्यालयों एवं उनसे सम्बद्ध महाविद्यालय, आई.टी.आई., पालीटेक्निक आदि से लाभार्थियों का डाटा निर्धारित प्रारूप में अपेक्षित है।

2- सामान्यतः सभी विभागों के पास लक्षित लाभार्थी युवा वर्ग का डेटा बेस डिजिटल फॉरमेट में विभिन्न स्तरों पर उपलब्ध है, जिसको संग्रहित कर प्रस्तावित परियोजना हेतु विशेष वेब पोर्टल बना कर उपलब्ध कराये जाने की आवश्यकता होगी। यदि किसी विभागीय संस्था का डेटा बेस उपरोक्तानुसार निर्धारित फॉरमेट में उपलब्ध नहीं है, तो सम्बन्धित संस्था के स्तर पर इसे अपलोड कराते हुए तथा इसके सत्यापन की व्यवस्था करते हुए डेटा बेस तैयार कराया जाए।

3- अतः इस सम्बन्ध में निर्धारित डाटा फार्मेट का प्रारूप संलग्न कर प्रेषित करते हुए मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि कृपया निर्धारित फार्मेट पर अपने विभाग से सम्बन्धित लाभार्थी युवा वर्ग का डाटाबेस उपलब्ध होने की स्थिति से अवगत कराने का कष्ट करें।

1937/PSHE/4
VS(MK)

संलग्नक : यथोपरि।

सं0 300 /निo(उ0शिo)(एम.)/19-20

भवदीय,

01-10-2021
(सुभाष चन्द्र शर्मा)
प्रमुख सचिव
उच्च शिक्षा विभाग
उत्तर प्रदेश शासन।

प्रमुख सचिव
कृपया आवश्यक कार्यवाही करें

(अरविन्द कुमार)
अपर मुख्य सचिव

विशेष सचिव,
उच्च शिक्षा विभाग,
उ0 प्र0 शासन

(मोनिका एस0 गर्ग)
अपर मुख्य सचिव,
उच्च शिक्षा विभाग
उत्तर प्रदेश शासन।

आज प्राप्त
04/10/2021

Scanned with CamScanner